पाठ - 4

शब्द रचना

रचना या बनावट के आधार पर शब्दों को निम्नलिखित तीन भागों में बाँटा गया है :-

१. रूढ़ शब्द → वे शब्द ~~जो~~ जिनके खंड नहीं किए जा सकते, रूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे :- सड़क , किताब , कलम , भेड़ , शेर आदि।

२. यौगिक शब्द → वे शब्द जो अन्य शब्दों के योग से बनते हैं , यौगिक शब्द कहलाते हैं। जैसे:-

१. पाठ + शाला → पाठशाला
२. मुख्य + मंत्री → मुख्यमंत्री
३. चिड़िया + घर → चिड़ियाघर
४. सर्व + प्रिय → सर्वप्रिय
५. सेना + पति → सेनापति
६. राष्ट्र + पति → राष्ट्रपति

३. योगरूढ़ शब्द → वे शब्द जिनकी रचना यौगिक शब्दों की तरह होती है , परंतु वे रूढ़ अर्थ में प्रयोग

किए जाते हैं, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे :- षट्पद, चारपाई, पंकज, चौपाया, दशानन, लंबोदर आदि।

* निम्नलिखित शब्दों को पढ़कर रूढ़, यौगिक तथा योगरूढ़ लिखो :-

तिकोना, शौचालय, साबुन, पतंग, भोजनालय, कलम, त्रिभुज, नीलकंठ, राष्ट्रपति, किताब, देवर्षि, चारपाई, पंकज, देवालय, सड़क, कमल, मुख्यमंत्री, दशानन

	रूढ़	यौगिक	योगरूढ़
1.	कमल	मुख्यमंत्री	दशानन
2.	सड़क	देवालय	पंकज
3.	किताब	देवर्षि	चारपाई
4.	कलम	राष्ट्रपति	नीलकंठ
5.	पतंग	भोजनालय	त्रिभुज
6.	साबुन	शौचालय	तिकोना